उमा कहउँ मैं अनुभव अपना । सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा । बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥
|| मानस हरि भजन || Ram Katha 948-✲Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 167 | इंदौर, बुधवार 01 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पेडेक्स मिशन की सफल लॉन्चिंग के लिए दी बधाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने एक और इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी60 के माध्यम से स्पेडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च करने पर इसरो की समस्त टीम और राष्ट्रवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

### एमपी के लिए खुशियां लाया नया साल

# मेट्रो, ई-ऑफिस और ई-विधान से लगेगी तकनीकी छलांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के लिए नव वर्ष 2025 खुशियों की सौगात लेकर आने वाला है। प्रदेश के दो शहरों इंदौर और भोपाल में 2025 में मेट्रो की सौगात मिल जाएगी। जनवरी महीने के अंत तक इंदौर के लोग मेट्रो में बैठकर सफर कर सकेंगे। वहीं प्रदेश तकनीकी छलांग लगाते हुए मंत्रालय से ई-ऑफिस और विधानसभा में ई-विधान की शुरुआत कर डिजिटल युग में तेजी से कदम बढ़ा रहा है।**

इंदौर में शुरुआत में 5.9 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ही मेट्रो चलेगी। आने वाले समय में संचालन में मेट्रो स्टेशनों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। शुरुआत में मेट्रो कोच की चलाने को लेकर यात्रियों की संख्या के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। वहीं, भोपाल में करीब आठ किमी प्रायोरिटी कॉरिडोर सुभाष नगर से एम्स के बीच मेट्रो की शुरुआत साल के मध्य तक हो जाएगी। इससे दोनों शहरों की जनता का लंबे समय का इंतजार खत्म होगा।



### मंत्रालय में कागज मुक्त कामकाज

सरकार के मुख्य केंद्र मंत्रालय में नए साल में नई व्यवस्था शुरू होगी। यहां पर एक जनवरी से ई-ऑफिस शुरू हो जाएगा। इसमें पूरी कामकाज पेपर लेस होगा। इसकी सरकार ने शुरुआत कर रही है। इसमें अधिकारियों के बीच फाइलों का मूवमेंट डिजिटल तरीके से होगा। फिजिकल मूवमेंट धीरे- धीरे बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए डॉक्यूमेंट को स्कैन कर अपलोड करने का काम किया जा रहा है। इससे सरकार का डिजिटल रिकॉर्ड सेव हो जाएगा। आग लगने की दुर्घटना से भी फाइलों को रिकवर करने में आसानी होगी। इसके लिए अलग से सर्वर आधारित डेटा स्टोरज होगा।

### ई-विधान जून 2025 से

मध्यप्रदेश विधानसभा के सभी काम जून 2025 के बाद ऑनलाइन होंगे। विधानसभा में ई-विधान परियोजना लागू हो जाएगी। इसमें सदस्यों को सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्न भी ऑनलाइन स्क्रीन पर नजर आएंगे। इसके लिए सभी सदस्यों की टेबल पर स्क्रीन लगेगी। इस परियोजना पर 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस व्यवस्था के लागू होने से हर साल विधानसभा की कार्रवाई में कागजों पर खर्च होने वाली राशि की बचत होगी।

### जीजी फ्लाईओवर का लोकार्पण

भोपाल की जनता को नए साल में गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक जीजी फ्लाईओवर की सौगात मिलेगी। 121 करोड़ रुपये में बने तीन किमी लंबे फ्लाईओवर का लोकार्पण होगा। फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिसंबर 2020 में शुरू हुआ था। इससे भोपाल की जनता को जाम से निजात मिलेगी। इससे वल्लभ भवन और सुभाष नगर से होशंगाबाद की तरफ आने-जाने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन सीधे आ जा सकेंगे। इससे समय की भी बचत होगी।

### नए साल में ई-मंडी 41 और मंडियों में होगी शुरू

प्रदेश सरकार नए साल में बी-क्लास की 41 मंडियों में ई-मंडी योजना शुरू करने जा रही है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) जनवरी से ई-मंडी योजना का विस्तार कर रहा है। मध्यप्रदेश में पहले से ई-मंडी योजना 42 मंडियों में संचालित है। ई-मंडी से किसानों को अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी में प्रवेश पर्ची के लिए लाइन नहीं लगाना होगा। मंडी में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान तक कार्रवाई कंप्यूटराइज्ड रहेगी। इसमें किसानों को प्रवेश, अनुबंध, तौल तथा भुगतान करने के बाद उनके मोबाइल पर एसएमएस तथा व्हाट्सएप मैसेज प्राप्त होगा।

### प्रदेश की जनता को जनता दरबार की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नए साल पर प्रदेश की जनता को जनता दरबार की बड़ी सौगात दे सकते हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तैयारी कर रहा है। हालांकि, अभी अधिकारिक रूप से जनता दरबार को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि सब कुछ योजना अनुसार रहा था, जनवरी से मुख्यमंत्री जनता दरबार लगा कर जनता की सुनवाई कर सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के समय प्रदेश में जनता दरबार लगता था। अभी उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता दरबार लगाते हैं। जनता दरबार में मुख्यमंत्री सीधे जनता की शिकायत और समस्या को सुनेंगे और अधिकारियों को उसके निराकरण के निर्देश दे देंगे।

### किसानों को नए साल में प्रति हेक्टेयर मिलेगा बोनस

मध्य प्रदेश की मोहन सरकार किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। नए साल में किसानों को इसकी सौगत मिल सकती है। मोहन सरकार ने छोटे किसानों को उनकी उपज बेचने पर प्रति हेक्टेयर बोनस देने का फैसला किया है, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तरफ से एक जनवरी को प्रदेश में चार मिशन प्रारंभ किए जाएंगे। इसमें युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड पर काम किया जाएगा। सरकार के इस निर्णय से कई समस्याओं से जूझ रहे किसानों को राहत मिलेगी और नए साल में उनको एक नई सौगात मिलेगी।

### प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर की सौगात मिलेगी

प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर की सौगात जबलपुर वासियों को 2025 में मिलेगी। फ्लाईओवर की लंबाई सात किलोमीटर है, जो मदन महल रेलवे स्टेशन के ऊपर से होकर जाएगी। मदन महल स्टेशन के ऊपर केबल ब्रिज बनाया जा रहा है। केबल ब्रिज की लम्बाई 385.5 मीटर है। स्टेशन के ऊपर से गुजरने वाली केबल ब्रिज की लंबाई 193.5 मीटर है। देश के इस यूनिक केबल स्टे ब्रिज अगामी दो से तीन माह में पूर्ण हो जाएगा।

मदन महल फ्लाईओवर का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। मदन महन केबिल स्टे ब्रिज लगभग 200 मीटर पूर्ण हो गया है। मध्यप्रदेश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज के दोनों हिस्सों को जोड़ दिया गया। केबिल स्टे ब्रिज की डिजाइन फ्रांस से ली गई है और फ्रांस की कंपनी ने डिजाइनिंग असिस्टेंट भी भेजा था। ब्रिज पूरी तरह स्वदेशी है। इसमें लगने वाली केबल भी देश में बनाई जा रही है। इस ब्रिज में 56 केबल लगाई गई हैं। इसमें चार पिलर बनाए गए हैं, जो 32 मीटर ऊपर है और 32 मीटर जमीन के भीतर रखा गया है। इस ब्रिज का कुल वजन लगभग 11,200 टन है। जबलपुर भूकंप संवेदी क्षेत्र है, इसलिए इस ब्रिज में भी भूकंप रोधी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस ब्रिज का निर्माण 900 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और मार्च में इसके लोकार्पण किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# यातायात सुधार की मुहिम को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा

## इंदौर में 72 बेसमेंट को किया गया पार्किंग में परिवर्तित

### कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर शहर में यातायात सुधार की मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाए जाएगा। मुहिम के तहत जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात पुलिस, इंदौर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से सड़कों एवं चौराहों के तकनीकी सुधार, सौंदर्यीकरण, सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाकर उन्हें बाधा मुक्त करने, बेसमेंट को पार्किंग में परिवर्तित करने सहित अन्य गतिविधियां चल रही है। अभियान को गति देने के लिए आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।**

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, डीसीपी ट्रैफिक श्री अरविंद तिवारी, अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा तथा श्री रोशन राय, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और यातायात विशेषज्ञ मौजूद थे। बैठक में शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात को सुगम बनाने के लिए ऐसे भवन जिनके बेसमेंट के पार्किंग को पार्किंग की जगह अन्यंत्र उपयोग किया जा रहा है के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के लिये चलाये जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये है। अभी तक सभी वार्डों में 134 भवनों के पार्किंग का अन्यंत्र उपयोग करने पर उन्हें सील करने की कार्रवाई की गई। इसमें से 7 बेसमेंट को सीएमडी वेस्ट भरकर बंद किया गया। साथ ही 72 भवन के बेसमेंट को पार्किंग में परिवर्तित किया गया है। इससे लगभग दो हजार से अधिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों के पार्किंग की सुविधा मिली है। इससे पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात को सुगम बनाने में मदद मिली है। इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि शेष बचे भवनों के बेसमेंट को भी शीघ्र पार्किंग में परिवर्तित कराये। बेसमेंट को पार्किंग में परिवर्तित नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहन निश्चित स्थान पर ही पार्क हो, सड़कों पर वाहन पार्क कर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए की सड़क सुरक्षा समिति के बगैर अनुमोदन के कोई भी स्पीड ब्रेकर नहीं बने। स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए सड़क सुरक्षा समिति से अनुमोदन प्राप्त किया जाए। यह देखा जा रहा है कि बगैर तकनीकी मार्गदर्शन के स्पीड ब्रेकर बन रहे हैं जिससे दुर्घटना की हमेशा आशंका रहती है। बैठक में गुजरात राजस्थान और दिल्ली की ओर जाने वाली बसें कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी से संचालित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण तथा अन्य बाधाएं हटाने के लिए की जा रही कार्रवाईयों की जोनवार समीक्षा की। उन्होंने इस संबंध में चलाए जा रहे हैं अभियान को और अधिक गति देकर प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए मार्ग भी चिन्हित कर उक्त कार्रवाई तेज की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी जोनल अधिकारियों से चर्चा कर की जा रही कार्रवाईयों की जानकारी ली। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि वे इस तरह की कार्रवाई सतत रूप से करते रहें। समझाइश और कार्यवाही के बाद पुनः सामग्री रख सड़क या फुटपाथ पर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। श्री सिंह ने कहा कि इंदौर में इस तरह के कार्य करने की और भी जरूरत है। जहां कार्रवाई हुई है वहां पर लगातार निगरानी रखी जाए। यह ध्यान रखा जाए की पुनः अतिक्रमण नहीं हो और कोई यातायात को बाधित नहीं करता है।

## पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा देवास के भवन मे औदुम्बर वाणी पत्रिका के रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी, विशेष अतिथि उमेश द्विवेदी इंदौर, आशुतोष शर्मा औदुम्बर ब्राह्मण महासभा इंदौर , मन्नालाल पाठक उज्जैन, कृष्णकांत दुबे सोनकच्छ, सतीश जोशी पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष इंदौर, राजेश जोशी भौरासा, डॉ श्याम सुंदर चौधरी देवास थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम जोशी, श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष देवास ने की। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों एवं औदुम्बर महासभा देवास के पूर्व अध्यक्ष श्याम पेशकार, सतीश दुबे ,महेंद्र उपाध्याय, ओम प्रकाश चौधरी ने दीप प्रज्वलन करके किया। स्वरचित स्वागत गीत श्रीमती प्रीति पंकज चौधरी ने प्रस्तुत किया एवं मोहे रंग दो लाल पर एक सुंदर नृत्य की प्रस्तुति कु रिद्धि सुनील दुबे ने दी। अतिथियों का स्वागत , नागेश्वर द्विवेदी, दीपक चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी ,भावेश कानूनगो, प्रवीण दुबे, प्रकाश दुबे ,अनिल दुबे, दिलीप उपाध्याय, श्री राम पुराणिक, आदि ने किया। स्वागत भाषण सतीश दुबे ने दिया । औदुम्बर वाणी गिनीं प्रतियोगिता के विजेता मोहित पुराणिक इंदौर ,प्रवीण जोशी इंदौर ,विश्वेश जोशी मुंबई, रिद्धि परसाई मंदसौर तथा स्वाती दुबे देवास को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक चौधरी ,ओमप्रकाश चौधरी ,जगदीश कानूनगो ने किया। महासभा इंदौर के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा एवम महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने बताया की रजत जयंती महोत्सव का अगला चरण महा सभा भवन इंदौर मे आयोजित किया जाएगा। आभार माना महासभा के प्रधानमंत्री दिलीप उपाध्याय ने। कार्यक्रम का समापन औदुम्बर है हम औदुम्बर ब्राह्मण गीत के साथ हुआ।

# पुलिस अधिकारियों से मिले कलौता समाजजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्व. बलराम राठौड़ के परिवार को न्याय दिलाने के लिए कलोता समाज एवं कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर से मिला। समाज ने पुलिस अधिकारियों से आग्रह किया जल्द से जल्द बलराम राठौड़ की मृत्यु के कारणों का पता चलाया जाए।**




मध्य प्रदेश क्षत्रिय कलोता समाज के प्रदेश अध्यक्ष हंसराज मंडलोई ने बताया कि पूर्व घोषणा के अनुसार अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज का प्रतिनिधिमंडल समाज के वरिष्ठ एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर इंदौर से मिला एवं ज्ञापन देकर मांग कि की समाज के युवा स्व. बलराम राठौड़ की मृत्यु के कारणों के लिए गठित की गई अधिकारियों की मजिस्ट्रेट रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट जल्द से जल्द सार्वजनिक की जाए। हंसराज मंडलोई ने बताया कि कांग्रेस पार्टी समाज के नेताओं ने पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के समक्ष इस बात को लेकर आक्रोश व्यक्त किया कि बलराम राठौड़ की मृत्यु को लगभग 4 महीने होने को आए हैं, इसके बाद भी आज तक उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मजिस्ट्रेट रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। इस बात से समाज में नाराजी है। पुलिस विभाग की तरफ से समाज को भरोसा दिलाया कि बलराम राठौड़ की मृत्यु के कारणों के लिए गठित की गई मजिस्ट्रियल जांच जल्द से जल्द सार्वजनिक की जाएगी। ज्ञापन में समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि बलराम की मौत बीएसएफ की गोली लगने के कारण हुई है। इसके साथ ही उनके परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता देने के साथ उसकी विधवा पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की जा रही है। उसके माता-पिता को वृद्धावस्था पेंशन देने के साथ उसके बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्च सरकार उठाए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिप्रा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य यशवंत केलोडिया, दीपक चौहान, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष समर सिंह सोलंकी सहित कांग्रेसी नेता व समाज बंधु उपस्थित थे।

# महापौर ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को पीथमपुर लाने का विरोध जताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के पास स्थित इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट (रामकी) फैक्ट्री में भोपाल की यूनियन कार्बाइड कंपनी के जहरीले कचरे को नष्ट किया जा रहा है। स्थानीय संगठन और रहवासी इसका विरोध कर रहे हैं। जिसे इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी समर्थन दिया है।**



उन्होंने इस मामले पर गंभीरता से पुनर्विचार की आवश्यकता जताई है। कहा-अधिकारियों से चर्चा कर इस प्रक्रिया पर रोक लगाने और न्यायालय से इस विषय पर पुनर्विचार की अपील की जा सकती है। पीथमपुर की जनता के विचारों और चिंताओं को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से 377 मीट्रिक टन खतरनाक कचरे को हटाने का काम शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर बंदी पड़ी फैक्ट्री के कचरे को निपटान के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर भोपाल से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 250 किमी दूर इंदौर के पास पीथमपुर ले जाया जा रहा है। 12 कंटेनर भोपाल से पीथमपुर के लिए पुख्ता पुलिस सुरक्षा में 250 किलोमीटर का ग्रीन कॉरिडोर बना कर लाया जाएगा। हालांकि यह कब लाया जाएगा, यह अभी तय नहीं है। स्थानीय स्तर पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जिस मार्ग से कचरा कंटेनरों में पीथमपुर लाया जाएगा, उस मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस के जवान पीथमपुर पहुंच गए हैं, जिन्हें सामुदायिक भवन, लॉज, होटल में रुकवाया है। वहीं, शहर के होटल में रूम रिजर्व किए हैं, ताकि अधिकारियों को ठहराया जा सके।

# रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर मिलेगा खजराना गणेश का प्रसाद

**इंदौर। प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर का प्रसाद नए साल में भक्तों के लिए रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी उपलब्ध होगा। खजराना गणेश मंदिर में विशेष रूप से लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। यह प्रसाद मंदिर समिति द्वारा भोजनशाला में शुद्ध देसी घी, ड्रायफ्रूट और बेसन से तैयार किया जाता है।**

भक्तों के बीच खजराना मंदिर के लड्डू की मांग लगातार बढ़ रही है। खजराना गणेश भगवान के कई भक्त देश-विदेश में हैं, जो इस लड्डू प्रसाद को भगवान का आशीर्वाद मानते हैं। खजराना गणेश मंदिर के लड्डू प्रसाद की महत्ता उज्जैन के महाकाल मंदिर के प्रसाद जैसी मानी जाती है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर इसकी कीमत



320 रुपए रखी गई है, ताकि इसे भक्तों को बिना लाभ-हानि के उपलब्ध कराया जा सके। मंदिर प्रबंधक घनश्याम शुक्ला ने बताया कि भक्तों द्वारा लगातार रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर प्रसाद काउंटर खोलने की मांग की जा रही थी। कई बार फीडबैक के माध्यम से यह सुझाव मंदिर प्रबंधन को मिला। वहीं, मंदिर समिति द्वारा उज्जैन के महाकाल मंदिर में लगाए गए प्रसाद एटीएम का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि खजराना मंदिर में भी लड्डू प्रसाद एटीएम लगाए जा सकें। घनश्याम शुक्ला ने बताया कि पिछली बैठक में रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर काउंटर खोलने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन 18 प्रस्तावों पर ही चर्चा हो सकी थी। बुधवार, शनिवार और रविवार को 1 टन से प्रसाद ज्यादा का विक्रय होता है। खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि खजराना गणेश मंदिर में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही लड्डू प्रसाद की मांग भी बढ़ रही है। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर काउंटर शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। पिछले तीन-चार सालों से यह परंपरा बढ़ी है कि इंदौर के लोग भगवान खजराना गणेश के दर्शन के साथ ही नए साल की शुरुआत करते हैं। इस बार खजराना गणेश मंदिर में 1 जनवरी को लगभग चार लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा शीघ्र दर्शन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और कलेक्टर आशीष सिंह और मंदिर प्रशासक और नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर बड़ी संख्या में भक्तों के लिए पार्किंग, पेयजल, दर्शन आदि की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## बर्थडे पार्टी में हंगामा, युवकों ने पुलिस को दी धमकी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में सोमवार रात बर्थडे पार्टी के दौरान जमकर हंगामा हुआ। प्रजापत नगर इलाके में सड़क पर एक बच्चे की बर्थडे पार्टी का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था और लोग शराब के नशे में थे। देर रात तक जारी इस शोर-शराबे से परेशान होकर रहवासियों ने पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई। मौके पर बीट पुलिसकर्मी पहुंचे तो पार्टी कर रहे लोग शराब के नशे में उनसे बहस करने लगे।

कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाना शुरू कर दिया और उन पर ही आरोप लगाने की कोशिश की। स्थिति बिगड़ती देख बीट पुलिस ने अन्य थानों से बल मंगवाया। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर पार्टी बंद कराई और वहां मौजूद युवकों को थाने ले जाया गया। एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंद्र जोशी ने बताया कि पार्टी का आयोजन राजू नाम के व्यक्ति ने किया था। यह आयोजन रात करीब 2 बजे तक चल रहा था। तेज आवाज में डीजे बजाने और शराब पीने के कारण आसपास के लोग परेशान हो गए थे। जब पुलिस ने हस्तक्षेप किया, तो युवक वर्दी उतारने की धमकी देने लगे। उन्होंने पुलिस पर झूठे आरोप लगाए, जैसे कि पुलिस शराब पीकर आई है और उनसे पैसे मांग रही है। पुलिस ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। एसीपी जोशी के अनुसार, युवकों ने अपने बचाव के लिए मनगढ़ंत आरोप लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और राजू समेत सात युवकों को हिरासत में लिया। इन सभी पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# प्रेमी ने करवाई डॉक्टर की हत्या

### अंतिम संस्कार से पत्नी और उसके घरवाले गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। होम्योपैथ डॉक्टर सुनील साहू की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस वारदात को डॉक्टर की पत्नी सोनाली साहू के प्रेमी, उज्जैन निवासी संतोष शर्मा ने अंजाम दिलवाया। उसने भाड़े के दो हत्यारों के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल कार उज्जैन से बरामद की है। जब पुलिस आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंची, तो वह छत से कूदकर फरार हो गया।**

घटना शुक्रवार रात 10.40 बजे जीवन धारा हेल्थ क्लिनिक में हुई, जहां तीन नकाबपोश बदमाशों ने डॉक्टर पर गोली चला दी। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे पता चला कि हत्यारे सफेद कार में आए



डॉ. सुनील साहू

थे। हत्या के बाद वे टोल नाकों से बचते हुए इंदौर की गलियों में कार घुमाते रहे और फिर उज्जैन पहुंचे। पुलिस जांच में पता चला कि डॉक्टर की पत्नी सोनाली साहू का संतोष शर्मा के साथ प्रेम संबंध था। सोनाली एक आईटी कंपनी में काम करती है और संतोष वकील है। सोनाली ने पूछताछ में स्वीकार किया कि संतोष से उसकी दोस्ती कई वर्षों से थी। हालांकि, वह शादीशुदा था और उसका 19 वर्षीय बेटा भी है। इसके बावजूद वह सोनाली पर शादी के लिए दबाव डालता था। सोनाली के अनुसार, वह केवल अवैध संबंध बनाए रखना चाहती थी, लेकिन संतोष ने दो सुपारी किलर्स की मदद से डॉक्टर की हत्या की योजना बनाई। एसीपी रुबीना मिजवानी ने बताया कि वारदात के बाद संतोष ने सोनाली और उसके परिवार को जानकारी दी थी। हत्या के बाद संतोष अपने घर उज्जैन चला गया।

पुलिस जब वहां पहुंची, तो वह छत से कूदकर भाग गया। डीसीपी विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में पुलिस टीम उसकी तलाश में उत्तरप्रदेश रवाना हो चुकी है। डॉक्टर की पत्नी सोनाली और उनके परिजनों को पुलिस ने कुंभराज (गुना) से हिरासत में लिया, जहां वे अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। उनके मोबाइल और संतोष के घर से मिले सबूतों की जांच की जा रही है। पुलिस सोनाली की इस षड्यंत्र में भूमिका और उसकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

## मेटल फैक्ट्री से 600 किलो कॉपर वायर चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा स्थित एक फैक्ट्री से 600 किलो कॉपर वायर और पार्टस चोरी हो गए। फैक्ट्री मालिक ने सोमवार को थाने आकर मामले की शिकायत की। कुछ दिन पहले भी इसी इलाके की एक फैक्ट्री में चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस ने दोनों वारदातों में एक ही गैंग का हाथ होने की संभावना जताई है। बाणगंगा पुलिस ने नवनीत जैन की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। नवनीत ने बताया कि उनकी सांवेर रोड सी सेक्टर में बी मेटल मेन के नाम से फैक्ट्री है। रविवार रात वह फैक्ट्री बंद करवाकर अपने घर गए। सोमवार सुबह उन्हें फैक्ट्री में चोरी होने के बारे में पता चला। बदमाश पीछे के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और उन्होंने यहां से कॉपर वायर और अन्य पार्टस पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने सोमवार शाम मामले में अज्ञात बदमाशों पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस को इस वारदात के फुटेज मिले हैं। जिसमें दो चोर नजर आ रहे हैं। फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खजूरी बाजार में बिल्डिंग के बेसमेंट में कचरे में लगी आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजूरी बाजार में मंगलवार दोपहर एक बिल्डिंग के बेसमेंट में कचरे में आग लग गई। आग के चलते यहां काफी धुआं फैल गया। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर टीम ने मौके पर पहुंच कर आग को काबू किया। घटना में किसी तरह की जन हानि की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना साढ़े तीन बजे के लगभग की है। खजूरी बाजार मेन रोड पर महेन्द्र बड़नगर वालों की बिल्डिंग है। यहां पर प्रिंटिंग प्रेस का काम होता है। बिल्डिंग के तलघर से अचानक धुआं निकलने लगा। इसके बाद लोगों ने देखा तो नीचे कचरे में आग लगी थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कुछ ही देर में आग पर काबू कर लिया। इस बिल्डिंग में आगे और पीछे दोनों तरफ से बाहर निकलने का रास्ता है। आग की सूचना पर अंदर आफिस और दुकान में मौजूद लोग बाहर आ गए। पहले आसपास के बोरिंग के पानी से कचरे पर पानी डाला गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक किसी व्यक्ति की लापरवाही के चलते आग लगी है। फिलहाल आग का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## कॉलेज स्टूडेंट का मोबाइल लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तिलक नगर में एक स्टूडेंट के साथ लूट की वारदात हो गई। वह बस से उतरकर पैदल फोन पर बात करते हुए जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने अमित कुमार निवासी द्वारकापुरी की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो लूटेरों पर केस दर्ज किया है। अमित कुमार ने बताया कि वह निजी कॉलेज से MSC का स्टूडेंट है। मूल रूप से हकीमाबाद सीहोर जिले का रहने वाला है। रात में बस से पिपलियाहाना चौराहे पर उतरा। इसके बाद पैदल कुछ दूरी पर मोबाइल पर बात करते हुए चला कि पीछे से बाइक सवार दो लड़के उसके पास पहुंचे। तभी पीछे बैठे लड़के ने हाथ से मोबाइल छीन लिया और दोनों फरार हो गए। छात्र ने बताया कि वह शोर मचाते हुए दोनों लूटेरों के पीछे काफी दूर तक दौड़ा। लेकिन दोनों हाथ नही लगे। पुलिस अब आसपास के फुटेज तलाश रही है। जिससे आरोपियों की जानकारी मिल सके। हालाकि घटना रात में होने के चलते पुलिस को फुटेज नही मिले हैं।

# उज्जैन को मूर्ति-शिल्प का केन्द्र बनाने के प्रयास किए जाएंगे : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने की विक्रमोत्सव-2025 और विक्रम व्यापार मेले के आयोजन की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन में स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी विक्रमोत्सव-2025 और विक्रम व्यापार मेले के आयोजन की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में विक्रम व्यापार मेले का आयोजन एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य न्याय, दानशीलता, सुशासन, वीरता की अद्वितीय मिसाल है। वे एक महान शासक थे। उन्होंने न केवल विदेशी आक्रमणकारियों को पराजित कर देश से बाहर किया बल्कि सुशासन के सभी क्षेत्रों में उनका विशेष स्थान रहा है। सम्राट विक्रमादित्य के साहस, पराक्रम और पुरुषार्थ, उनकी कथाएं, उनके द्वारा प्रारंभ किया गया विक्रम संवत्, उनके महान इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि उज्जैन को मूर्तिशिल्प का केन्द्र बनाए जाने



के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

मध्यप्रदेश सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के विभिन्न आयामों को देश और विदेश के सामने लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किया है। सम्राट विक्रमादित्य के विक्रम संवत् के प्रवर्तन के अवसर पर उज्जैन में आने वाले दिनों में भव्य आयोजन किया जाएगा। विक्रमादित्य की न्याय परंपरा पर विश्वविद्यालय में सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। विक्रम व्यापार मेले में सरकार द्वारा निवेशकों को मंच प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं इन्हें और अधिक विकसित किया जाएगा। उज्जैन में धार्मिक पर्यटकों की संख्या में अत्यंत वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विक्रम व्यापार मेले के आयोजन और विक्रमोत्सव के आयोजन की समीक्षा की। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन से गत वर्ष आयोजित विक्रम व्यापार मेले के बारे में मूलभूत जानकारी दी। बताया गया कि इस वर्ष विक्रम व्यापार मेले के आयोजन के लिए शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर का चयन किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में विक्रम व्यापार मेले-2025 के लिये स्थल के प्रस्तावित ले-आउट, प्रस्तावित दुकानों की जानकारी और आयोजन के संबंध में अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि इस बार के व्यापार मेले में ऑटो एक्स-पो और धार्मिक पर्यटन को भी विशेष बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले के आयोजन का उद्देश्य यह है कि सब लोग आपस में मिलें, एक नए जीवन का संकल्प लें और सभी के जीवन में खुशियाँ आएं। बैठक में सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, श्री सतीश मालवीय, श्री जितेन्द्र पण्ड्या, एडीजी श्री उमेश जोगा, संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, डीआईजी श्री नवनीत भसीन, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक डॉ.श्रीराम तिवारी, डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुँवर, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.अर्पण भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक, श्री बहादुर सिंह बोरमुण्डला, एमपीआईडीसी के श्री राजेश राठौर, श्री विशाल राजोरिया एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# पिकअप पलटी, तीन की मौत

## 14 महिलाएं घायल, 5 की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। 14 घायल हैं, इनमें पांच लोगों की हालत गंभीर है। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। बाकी घायलों का इलाज महिदपुर में चल रहा है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 24 लोग सवार थे। चालक फरार है।**



हादसा महिदपुर तहसील के डेलची गांव में सुबह करीब 8:30 बजे हुआ। पिकअप मजदूरों को लेकर रतलाम जा रही थी। स्पीड तेज होने के चलते पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे ऊतरकर पलट गई। मजदूर नीचे दब गए।मौके पर मौजूद लोग मदद के लिए पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पिकअप के नीचे दबने से कंचन बाई (45), जसोदा बाई (35) और बाला राम (15) की मौत हो गई। माया बाई, रेखा बाई, पायल बाई, रम्भा बाई को गंभीर हालत में उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंजू बाई, हेमा बाई, साजन बाई, लक्ष्मी बाई, डाली बाई, रेखा बाई, ललिता बाई, रम्भा बाई, कमला बाई, उमराव बाई, सुगन बाई और रुक्मा बाई को महिदपुर के अस्पताल हैं। सभी महिलाएं मजदूर थीं और सुबह के समय खेतों में मटर तोड़ने के लिए अन्य गांवों में जा रही थीं।

# रिटायर्ड आईएएस मनोज श्रीवास्तव बने राज्य निर्वाचन आयुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** रिटायर्ड अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त बन गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार शाम को आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले आयोग के आयुक्त रहे बसंत प्रताप सिंह का 6 माह का अतिरिक्त कार्यकाल 31 दिसंबर पूरा हुआ है। इसके चलते राज्य शासन ने आज ही राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नई नियुक्ति के आदेश जारी किए। श्रीवास्तव के पहले इस पद पर पूर्व मुख्य सचिव वीरा राणा और रिटायर्ड एसीएस मलय श्रीवास्तव की भी दावेदारी थी। इसके पहले 30 सितम्बर को पूर्व मुख्य सचिव वीरा राणा के रिटायरमेंट के दिन उन्हें नया राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाए जाने के आदेश जारी होने वाले थे। राज्य निर्वाचन आयोग में इसकी तैयारी भी कर ली गई थी और बीपी सिंह ने स्टाफ को हाई-टी देकर खुद को कार्यमुक्त भी बता दिया था। हालांकि अनुराग जैन को मुख्य सचिव बनाने का आदेश जारी होने के बाद समीकरण बदल गए। इसके बाद वीरा राणा को राज्य निर्वाचन आयुक्त बनने का फैसला टल गया।



# मप्र में अभियोजन स्वीकृति के लिए नए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कर्मचारी-अधिकारी के खिलाफ चल रही लोकायुक्त, EOW, पुलिस की जांच के दौरान उनके अभ्यावेदन पर समानांतर जांच या सुनवाई नहीं हो सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) ने विभागीय जांच और अभियोजन से संबंधित मामलों को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा है कि अभ्यावेदन पर सुनवाई सिर्फ तभी हो सकेगी जब शिकायत निजी तौर पर हुई हो। निर्देश में कहा है कि अभियोजन स्वीकृति के मामले में सक्षम अधिकारी अभियोजन स्वीकृति का स्पष्ट उल्लेख नस्ती में करेंगे। यह भी बताया जाएगा कि संबंधित के बयान, जब्ती मेमो, सभी दस्तावेजों का अध्ययन कर लिया है, और प्रकरण प्रथम दृष्टया अभियोजन योग्य होने से इसे मंजूरी दी गई है। दरअसल, शासन के संज्ञान में आया है कि अभियोजन स्वीकृति के जारी आदेशों में तकनीकी और लिपिकीय गलतियां होती है। इस कारण अभियोजन स्वीकृति आदेश में जांच एजेंसियां संशोधन कराती है। जिससे केस कोर्ट में पेश करने में अनावश्यक विलम्ब होता है। अब खास ध्यान रखना होगा कि अफसर के हस्ताक्षर, सील और हर स्थान पर अपराध क्रमांक और धारा का जिक्र हो। कभी-कभी रिश्वत की राशि, रिश्वत लेने की तारीख, प्रार्थी का नाम नहीं लिखा होता है, इसे भी अधिकारी ध्यान में रखेंगे।अभियोजन स्वीकृति आदेश के रूप में होनी चाहिए।

# मेले में गई युवती से गैंगरेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली। सिंगरौली में मेले में गई 19 साल की युवती को बंधक बनाकर गैंग रेप हुआ। 6 युवकों ने युवती और उसके दोस्त को रास्ते में बंधक बनाया लिया। फिर लड़की को घसीटकर जंगल में ले गए। यहां दो युवकों ने दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना जियावान थाना क्षेत्र की है।**



एसपी मनीष खत्री ने बताया, रविवार को युवती अपने दोस्त के साथ मेले में गई थी। इसके बाद रात में दोनों लौट रहे थे। इस दौरान रास्ता सुनसान था। यहीं 6 लड़कों ने दोनों को घेर लिया। युवती ने पुलिस को बताया कि 4 बदमाशों ने उसके दोस्त से मारपीट की और बंधक बना लिया। बाद में दो लड़कों ने गैंग रेप किया। पीड़िता के पिता ने बताया कि बेटी मेले से शाम 7-8 बजे तक घर लौटने वाली थी। जब वह नहीं लौटी तो परिवार ने उसे आसपास ढूंढने की कोशिश की। सोमवार सुबह करीब 5-6 बजे वह बदहवास हालत में घर लौटी। उसने परिवार को आपबीती बताई। सोमवार सुबह 11 बजे पीड़िता अपने परिवार के साथ जियावान थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच की जा रही है।

# लाड़ली बहनों को कम से कम ढाई हजार दिए जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले शुरू की गई लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देने के वादे पर कांग्रेस लगातार हमला कर रही है। अब कांग्रेस ने मप्र सरकार से मांग की है कि नए साल 2025 में ढाई हजार रुपए देना चाहिए। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा- जब 2023 में विधानसभा के चुनाव हो रहे थे तो चुनाव के पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये घोषणा की थी कि 3 हजार रुपए प्रतिमाह महिलाओं के खातों में डाले जाएंगे। सरकार को एक साल पूरा हो गया लेकिन, महिलाओं को मिलने वाले 3 हजार का अता-पता नहीं हैं। ये एक तरह की ठगी है। पीसी शर्मा ने कहा- नया साल 2025 कल से शुरू हो रहा है महिलाओं को मुख्यमंत्री जी 3 हजार रुपए देना शुरू करें। और अगर नहीं दे पा रहे तो साल 2025 शुरू हो रहा है तो कम से कम 2500 रुपए ही दे दें। ये लगेगा कि चुनाव के समय आपने जो वादे किए थे उसमें आपने 2025 में कुछ तो आपने किया।

# धार्मिक स्थल पर शराब के नशे में की तोड़फोड़, आक्रोश

**देवास।** देवास के विकास नगर चौराहा स्थित धार्मिक स्थल पर सोमवार रात को एक व्यक्ति ने शराब के नशे में तोड़फोड़ कर दी, जिसमें माता की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने के बाद मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस में मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।क्षेत्रीय पार्षद अजय तोमर ने बताया यह काफी वर्षों पुराना मंदिर है। यहां पर सामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की है, हमारी मांग है कि 24 घंटे में आरोपी को पकड़ा जाए। नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। देवास-शाजापुर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि मुझे सूचना प्राप्त हुई थी विकास नगर क्षेत्र में जो कालिका माता का मंदिर था। उसे किसी असामाजिक तत्व ने तोड़ दिया है। सूचना पर तुरंत यहां पर आया, मैने मंदिर के दर्शन किए। मैंने पाया कि वास्तव में जिस स्वरुप में मंदिर था, उस स्वरुप में वह नहीं है। पुलिस यहां पर मौजूद थी। उन्हें हिदायत दी है कि जल्द से जल्द यह पता करें कि किस विधर्मी ने मंदिर को नुकसान पहुंचाया है।

# संपादकीय

## स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट मिशन की तरफ बढ़ रहा इसरो

इसरो अपने महत्वाकांक्षी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट मिशन को पूरा करने की तरफ बढ़ रहा है। इसरो 7 जनवरी को डॉकिंग प्रक्रिया करने वाला है। इस प्रक्रिया में दोनों उपग्रहों को एक-दूसरे के साथ डॉक करने से पहले सावधानीपूर्वक कोरियोग्राफ किए गए ऑर्बिटल डांस का प्रदर्शन करते हुए देखा जाएगा। जानते हैं कि आखिर इसरो इस ऐतिहासिक प्रयास को किस तरह से अंजाम देगा। लॉन्च के कारण उपग्रहों के बीच वेग में थोड़ा अंतर आया है। 10 मीटर/सेकंड की दर से यह दूरी और बढ़ेगी। उपग्रह 31 दिसंबर की शाम तक लगभग 20 किमी दूर हो गया है। अब इसरो ने उनकी सापेक्ष स्थिति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है। यूआर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) के निदेशक एम शंकरन ने कहा था कि हम दो उपग्रहों में से एक पर ऑनबोर्ड प्रोपल्शन सिस्टम का उपयोग करना शुरू कर देंगे ताकि फ्लो को रोका जा सके। इससे दो उपग्रहों के बीच 20 किमी की दूरी बनाए रखा जा सकेगा। जुड़वां की तरह, सैटेलाइट एक ही ऑर्बिट में एक ही स्पीड से चक्कर लगाएंगे। मिशन टाइमलाइन में ऑप्टिमम सोलर ओरिएंटेशन प्राप्त करने के लिए चार दिन का वेटिंग पीरियड शामिल है। यह डॉकिंग प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त बिजली पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बिंदु पर फिर से, इसरो दो सैटेलाइट के ड्रिफ्ट को शुरू करेंगे। ताकि 20 किमी की दूरी धीरे-धीरे घटकर 5 किमी, 1.5 किमी और इसी तरह हो जाए। शंकरन का कहना था कि जब हम 5 किमी तक पहुंच जाते हैं, तो हम अंतर-उपग्रह रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) लिंक को सक्षम करेंगे ताकि उपग्रह एक-दूसरे से बात करें। अपनी स्थिति, रुख आदि का आदान-प्रदान करें। ये हमें सॉफ्टवेयर तर्क का मूल्यांकन करने में सक्षम करेगा। बेंगलुरु स्थित इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम्स प्रयोगशाला (एलईओएस) की तरफ से डेवलप कई नए सेंसरों का मूल्यांकन डॉकिंग सिक्वेंस शुरू करने के लिए उनकी उपयुक्तता के लिए किया जाएगा। यह तीन अलग-अलग गाइडेंस एल्गोरिदम का उपयोग करते हुए अंतर-उपग्रह दूरी 1.5 किमी तक कम हो जाने पर शुरू हो जाएगा। शंकर ने कहा कि डॉकिंग तंत्र में 'गले लगाने' की क्रिया शामिल है। उन्होंने कहा कि फाइनल अप्रोच विशेष रूप से नाजुक होगा।

### अर्ज़ किया है..!

*उस की याद आई है साँसो*
*ज़रा आहिस्ता चलो*
*धड़कनों से भी इबादत में*
*ख़लल पड़ता है*

-राहत इंदौरी

## OSHO कहिन

सच्चा प्रेम कभी समाप्त नहीं होता, यह समय से परे होता है।



## Health is Welth

# सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में 16वीं बार मनाया न्यू ईयर... अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ने जारी की तस्वीरें





2024 के खत्म होने के साथ ही भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथियों ने अंतरर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर सवार क्रू के सदस्य नए साल का जश्न मनाया. एक्सपीडिशन 72 क्रू पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए 16 सूर्योदय और सूर्यास्त देखेगा, क्योंकि वे लगभग 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर 2025 में प्रवेश करेगा.

बता दें कि विलियम्स जून 2024 से बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर हैं. उन्हें इस मिशन का ISS कमांडर नियुक्त किया गया था. ये मिशन एक 8 दिन का था, लेकिन विलियम्स अपनी टीम के साथ अभी भी अंतरिक्ष में ही फंसी हुई हैं.

एक्सपीडिशन 72 क्रू नए साल में प्रवेश करते हुए 16 सूर्योदय और सूर्यास्त देखेगा.

तकनीकी चुनौतियों ने टीम के प्रवास को काफी बढ़ा दिया है, और अब उनके मार्च 2025 तक अंतरिक्ष में रहने की उम्मीद है. ऐसे में विलियम्स और उनकी टीम नए साल का दुर्लभ अनुभव करेगी क्योंकि ISS लगभग हर 90 मिनट में ग्रह की परिक्रमा करता है.

चालक दल विभिन्न गतिविधियों के साथ नए साल का जश्न मनाएगा, जिसमें पृथ्वी से भेजी गई ताज़ी सामग्री से तैयार विशेष भोजन शामिल है. वे वीडियो कॉल के माध्यम से परिवार और दोस्तों से भी जुड़ेंगे.



विलियम्स ने पहले भी इस तरह के एक अनोखे अनुभव का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी व्यक्त की है, उन्होंने अंतरिक्ष को अपना 'खुशहाल स्थान' बताया है.

नए साल का जश्न मनाने के अलावा, विलियम्स और उनके चालक दल ने हाल ही में क्रिसमस के लिए उत्सव की शुभकामनाएं साझा की हैं, जो घर से दूर होने के बावजूद उनकी छुट्टियों की भावना को दर्शाता है.

बता दें कि इन अंतरिक्ष यात्रियों ने विभिन्न छुट्टियों की परंपराओं में भाग लिया है, जिसमें सजावट और विशेष भोजन तैयार करना शामिल है, साथ ही वे आईएसएस पर महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान भी कर रहे हैं.

जब वे कई बार नए साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे हैं, तो विलियम्स और उनके साथी हमें मानव अंतरिक्ष अन्वेषण की उल्लेखनीय उपलब्धियों की याद दिलाते हैं.

उनकी यात्रा न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करती है, बल्कि सबसे असाधारण परिस्थितियों में भी मिलने वाले आनंद और सौहार्द को भी रेखांकित करती है. जैसे-जैसे वे 2025 की ओर देख रहे हैं, उनके अनुभव दुनिया भर के लोगों को अंतरिक्ष यात्रा के चमत्कारों के बारे में प्रेरित करते रहेंगे.

Jammu & Kashmir

# बर्फ से सफेद हुआ पूरा कश्मीर, जश्न में डूबे पर्यटक, अब ब्लैक आइस बढ़ाएगी मुसीबत

**जम्मू, (एजेंसी)** नए साल पर देश का मौसम भी जबरदस्त बदल रहा है. नए साल की शुरुआत जोरदार ठंड और भीषण बर्फबारी के साथ हुई. जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बीच नए साल के जश्न में लोग डूबे हैं हालांकि ये बर्फबारी लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है और कई जगह पर बर्फबारी ब्लैक आइस में बदल रही है. वो ब्लैक आइस जिससे गाड़ियों के फिसलने और हादसे होने का खतरा बढ़ जाता है.

श्रीनगर हो या गुलमर्ग या पुंछ... पूरा कश्मीर बर्फिस्तान बना हुआ है, डल झील जमी हुई है, ऐसा लग रहा है कि सबकुछ जम गया है. कश्मीर की असली



तस्वीर अब नजर रही है. जिधर देखो बर्फ ही बर्फ है लेकिन बर्फबारी ने जिंदगी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है. बिगड़ते मौसम ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. कई इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है. डल झील पर बर्फ की सतह बन चुकी है. कोई शिकारा या हाउस बोट भी नहीं चल पा रही है. रेलवे ट्रैक पूरी तरह से बर्फ में दब चुका है. रास्तों से बर्फ हटाते हटाते लोग थक गए तो जेसीबी बुलानी पड़ी. पेड़ भी सफेद बर्फ की चादर लपेटे हुए नजर आ रहे हैं. गुलमर्ग में भी भीषण बर्फबारी हो रही है, इससे टूरिस्टों की लॉटरी सी लग गई है. मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी कर दिया गया है. 2 जनवरी से कश्मीर में एक और बर्फबारी का दौर शुरू होगा.

Uttarpradesh

## नए साल पर लखनऊ में खौफनाक कांड, होटल में मां और 4 बहनों का कत्ल



**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में होटल शरणजीत में नए साल के पहले दिन एक युवक ने परिवार के पांच सदस्यों की नृशंस हत्या कर दी है। युवक ने मां और 4 बहनों का कत्ल कर दिया । खौफनाक वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा हत्या करने का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि परिवार आगरा का रहने वाला है। परिवार 30 दिसंबर को लखनऊ आया हुआ था। युवक अपनी मां और चार बहनों के साथ नाका इलाके होटल शरणजीत में ठहरा हुआ था। पुलिस ने बताया कि अरशद (उम्र 24 वर्ष) ने अपनी मां और चार बहनों की धारदार ब्लेड से हत्या कर दी। युवक पुलिस के सामने बार-बार बयान बदल रहा था। सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी ने जुर्म काबूल किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया है। मरने वालों में आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा (16), रहमीन (18) और बच्चों की मां अस्मा बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम अरशद और उसके पिता का नाम बदर है। वह इस्लाम नगर, टेढ़ी बगिया, कुबेरपुर, आगरा का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि लग रहा है कि पारिवारिक कलह की वजह से आरोपी अरशद ने यह हत्याएं की हैं।

New Delhi

## दिल्ली में रेस्टोरेंट कारोबारी ने फांसी लगाकर दी जान... पत्नी से चल रहा था तलाक का केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के मॉडल टाउन थाना इलाके में एक घर के अंदर युवक ने खुदकुशी कर ली. पुलिस का कहना है कि युवक का उसकी पत्नी से तलाक का केस चल रहा थआ. सुसाइड से पहले युवक के द्वारा वीडियो बनाने की भी बात सामने आ रही है. पुलिस ने युवक का फोन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. जानकारी के अनुसार, यह मामला दिल्ली के मॉडल टाउन थाना इलाके का है. पुलिस के मुताबिक, यहां रहने वाला 39 वर्षीय पुनीत खुराना रेस्टोरेंट कारोबारी था. मंगलवार की दोपहर उसने सुसाइड कर लिया. पुनीत का उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था. दोनों के बीच तलाक का केस भी चल रहा था. पुनीत खुराना की 8 साल पहले शादी हुई थी. शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था. पुनीत को 2 साल पहले उसकी पत्नी छोड़कर अपने पिता के घर चली गई थी. इस बीच दोनों ने आपसी सहमति से तलाक का केस भी दायर कर लिया.

Bihar

## मॉर्निंग वॉक पर निकले नीतीश के मंत्री रत्नेश सदा को ऑटो ने मारी टक्कर, 4 बॉडीगार्ड भी घायल

**सहरसा, (एजेंसी)** बिहार के सहरसा जिल में पहली जनवरी की सुबह बड़ी घटना हो गई। यहां बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सदा को एक ऑटो ने टक्कर मार दी है। इस हादसे में रत्नेश सदा को कई जगह पर चोट आई है। रत्नेश सदा का इलाज सदर अस्पताल में किया गया है। पुलिस ने ऑटो के चालको को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि सुबह के वक्त टहलने निकले रत्नेश सदा को ऑटो चालक ने टक्कर मारी है।

बताया जा रहा है कि मद्य निषेध विभाग के मंत्री रत्नेश सदा अपने पैतृक गांव गए हुए थे। सुबह के वक्त मंत्री अपने बॉडीगार्ड के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो चालक ने इन सभी





को रौंद दिया। इस घटना में मंत्री रत्नेश सदा और उनके 4 बॉडीगार्ड जख्मी हो गए। आननफानन में सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि इलाज के बाद रत्नेश सदा को अस्पताल से घर भेज दिया गया है।

खेल

# आयुष म्हात्रे ने 181 रन बनाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड सिर्फ 17 साल की उम्र में कर दिया यह बड़ा कारनामा

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** मुंबई के आयुष म्हात्रे ने मंगलवार को नगालैंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे कम उम्र का खिलाड़ी होने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने हमवतन यशस्वी जयसवाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। म्हात्रे ने 17 साल और 168 दिन की उम्र में भारतीय सलामी बल्लेबाज जायसवाल द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

जायसवाल 17 साल और 291 दिन के थे, जब उन्होंने 2019 में झारखंड के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की थी। इस सत्र की शुरुआत में मुंबई के लिए डेब्यू करने वाले म्हात्रे ने 11 छक्कों और 15 चौकों की मदद से केवल 117 गेंदों पर 181 रन बनाए। उनकी इस पारी से मुंबई ने 50 ओवर में सात विकेट पर 403 रन बनाये।





**घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं आयुष म्हात्रे-** मुंबई के विरार उपनगर के रहने वाले म्हात्रे ने इस सत्र की शुरुआत में टीम में शामिल होने के बाद से सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया है। वह ईरानी कप विजेता मुंबई टीम का हिस्सा थे जिसने अक्टूबर में 27 साल के अंतराल के बाद शेष भारत को हराकर ट्रॉफी जीती थी। रणजी ट्रॉफी में अपने डेब्यू पर म्हात्रे ने 71 गेंदों में 52 रनों की शानदार पारी खेली लेकिन मुंबई ने यह सत्र का पहला मैच बड़ौदा के खिलाफ गंवा दिया था।

म्हात्रे ने इसके बाद महाराष्ट्र के खिलाफ 232 गेंदों में 22 चौकों और चार छक्कों की मदद से 176 रनों की शानदार पारी खेली जिससे मुंबई यह मैच नौ विकेट से जीता था। वह इसके बाद त्रिपुरा और ओडिशा के खिलाफ प्रभाव बल्ले से प्रभाव नहीं डाल पाए थे। लेकिन उन्होंने सेना के खिलाफ 149 गेंद में 116 रन की पारी के साथ प्रथम श्रेणी में अपना दूसरा शतक ठोका था।

सिनेमा

## आर्यन खान का पार्टी के बाद का वीडियो वायरल, लड़खड़ाते कदमों पर लोगों ने उठाए सवाल



नए साल की पार्टी करने के बाद वेन्यू से बाहर आते आर्यन खान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन न्यू ईयर ईव पर जब पार्टी करके निकल रहे थे तो पापाराजी ने उन्हें स्पॉट किया। आर्यन खान के लड़खड़ाते कदमों की वजह से उनके बारे में लोगों ने तरह-तरह की बातें करना शुरू कर दिया। ड्रग्स मामले में लॉकअप की हवा खा चुके आर्यन खान के बड़े पर्दे पर डेब्यू का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। हालांकि आर्यन का रुझान एक्टिंग से ज्यादा पर्दे के पीछे रहकर काम करने में है। आर्यन खान में उनके पिता शाहरुख खान की झलक मिलती है। शाहरुख फैंस यह वीडियो वायरल होने के बाद अपने चहेते स्टार के सपोर्ट में आ गए हैं। वायरल वीडियो में आर्यन खान को व्हाइट टीशर्ट और ब्लू जैकेट में बाहर आते देखा जा सकता है। कई बॉडीगार्ड और कुछ करीबी दोस्त उनके साथ चलते नजर आ रहे हैं। लेकिन आर्यन खान बिना ऊपर देखे आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। पापाराजी आर्यन खान को आवाज देते हैं कि आर्यन भाई हमसे गुस्सा हो क्या। बेहिसाब भीड़ के बीच आर्यन खान बिना कुछ कहे चुपचाप वहां से निकल जाते हैं। लेकिन कमेंट सेक्शन में लोगों ने उन्हें लेकर कयासबाजी शुरू कर दी।

## Highlights

1. Delhi in 2024 saw highest 'Good To Moderate' air quality days since 2018
2. Militants open fire, throw bombs in fresh attack in Manipur
3. Bengaluru welcomes new year with dazzling lights, tight security
4. Mother & 4 daughters found dead in hotel room on New Year, son arrested for murder in UP
5. What option does Indian nurse Nimisha, who has been sentenced to death in Yemen, have?
6. Sanjay Raut assaulted by Sena UBT workers at Matoshree: Report

# RBI to auction ₹4.73 lakh crore in govt bonds from January 2025



**NEW DELHI, (Agency).** The Reserve Bank of India will sell government bond worth ₹4.73 lakh crore in January-March quarter of 2025 on State Governments and Union territories.

The weekly schedule of auctions to be held during the quarter along with the name of States/UTs who have confirmed participation, the RBI added in its notification.

The central bank informed that the actual amount of borrowings and the details of the States/UTs participating would be intimated by way of press releases two/ three days prior to the actual auction day and would depend on the requirement of the State Governments/ UTs, approval from the Government of India under Article 293(3) of the Constitution of India and the market conditions.

"RBI would endeavour to conduct the auctions in a non-disruptive manner, taking into account the market conditions and other relevant factors and distribute the borrowings evenly throughout the quarter," the RBI added.

The central bank stated that the RBI reserves the right to modify the dates and the amount of auction in consultation with State Governments/UTs.

Government bond or Government Security (G-Sec) is a tradeable instrument issued by the Central Government or the State Governments.

It acknowledges the Government's debt obligation. Such securities are short term (usually called treasury bills, with original maturities of less than one year) or long term (usually called Government bonds or dated securities with original maturity of one year or more).

# WhatsApp Pay gets NPCI nod for nationwide UPI user expansion

**NEW DELHI, (Agency).** The National Payments Corporation of India (NPCI) has removed the user limit for onboarding on WhatsApp Pay, effective immediately. According to a statement from NPCI, WhatsApp Pay can now offer UPI services to its entire user base in India.

Previously, NPCI allowed WhatsApp Pay to increase its UPI user base in phases, with a cap of 100 million users. This restriction has now been lifted, enabling WhatsApp Pay to expand its services without limits.

WhatsApp Pay will continue to adhere to all existing UPI guidelines and circulars for Third-Party Application Providers (TPAPs), according to NPCI.

In 2020, NPCI imposed a user cap of one million on WhatsApp Pay, which was gradually raised to 100 million by 2022.

This cap has now been fully removed. The initial restrictions were put in place to ensure a smooth rollout and avoid overburdening the banking infrastructure. With the UPI ecosystem now more stable, NPCI has approved the removal of the cap, allowing WhatsApp Pay to expand its user base.

The National Payments Corporation of India (NPCI), established by the Reserve Bank of India (RBI) and the Indian Banks' Association (IBA), serves as the umbrella organisation for retail payment and settlement systems in India.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

www.babapandit.com

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक